ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....

www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 16 | पाक्षिक | अजमेर, 01 अगस्त 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## "एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो" - संसद में रेणुका चौधरी का तंज



नई दिल्ली। कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रेणुका चौधरी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिल्मी अंदाज में निशाना साधा। उन्होंने 2007 की शाहरुख खान की फिल्म ओम शांति ओम का डायलॉग बोलते हुए कहा, "एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो नरेंद्र बाबू।" तेलंगाना से कांग्रेस सांसद ने इस बात पर हैरानी जताई कि मंगलवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डेढ़ घंटे के भाषण में पहलगाम आतंकी हमले के 26 पीड़ितों का जिक्र तक नहीं किया गया। रेणुका चौधरी ने कहा, "मैं जया से एक सवाल पूछना चाहती हूं कि मैडम वो क्या डायलॉग था कि एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो। मैं नरेंद्र बाबू को बोल रही हूं, मेरे भाई हैं। इस चुटकी सिंदूर की कीमत आप क्या जाने क्योंकि कल शाम देश के टेलीविजन पर हमारे शुभम द्विवेदी की बेवा ने कहा कि एक बात जिसने मुझे सबसे ज्यादा आहत किया, वह यह थी कि प्रधानमंत्री ने उन 26 लोगों का कोई जिक्र नहीं किया। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने 26 पीड़ितों के नामों का जिक्र किया। मैं इसके लिए उनका शुक्रिया अदा करती हूं। मुझे उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री उन 26 लोगों का जिक्र करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।" रेणुका चौधरी ने हैरानी जताते हुए कहा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चुटकी सिंदूर का महत्व समझते हैं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री ने हाल ही में आठ अलग-अलग देशों का दौरा किया, लेकिन उन्हें पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों से मिलने का समय नहीं मिला। वह उनसे मिलेंगे नहीं। वह उनका जिक्र भी नहीं करेंगे।" नरेंद्र मोदी सरकार को असंवेदनशील बताते हुए रेणुका चौधरी ने पूछा कि गुरदासपुर, पठानकोट, उरी और अन्य आतंकी हमलों के मामले में केंद्र की राजनीतिक इच्छाशक्ति का क्या हुआ।

## 'PM मोदी से कोई काम धमकी देकर नहीं कराया जा सकता' - ट्रंप के दावे पर कुमार विश्वास का तीखा रिएक्शन



नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार लगातार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाया है। विपक्ष इसको लेकर लगातार केंद्र सरकार से सवाल कर रहा है। इन सब के बीच कवि कुमार विश्वास सरकार के समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री को थोड़ा सा भी ठीक से जानते हैं उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं करा सकता। कुमार विश्वास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के जो भी सलाहकार हैं वे उन्हें भारत के बारे में दो सलाह गलत दे गए। पहली तो यह कि ये संघर्ष और चुनौती को अपने अंतिम आदमी तक ले जाने वाला नया भारत है और अब इसे लड़कर जीतने की धीरे-धीरे आदत सी हो गई है। दूसरे यह कि जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को थोड़ा सा भी ठीक से जानते हैं उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं करा सकता।'कुमार विश्वास ने आगे लिखा, 'उल्टे आपत्ति व चुनौती के समय तो प्रधानमंत्री मोदी की कार्यक्षमता व दक्षता सर्वोत्तम होती है। कुल मिलाकर ट्रंप समेत दुनिया के सभी दादाओं से निवेदन कि पाकिस्तान ले जाएं या चीन, भारत के विकास व शक्ति की बीन तो यूं ही बाजैगी।' ऑपरेशन सिंदूर को काफी वक्त बीत चुका है, लेकिन ट्रंप बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का राग अलाप रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ट्रेड डील के नाम पर दोनों देशों के बीच सीजफायर करवाया है। भारत सरकार बार-बार ट्रंप के बयान का विरोध कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में ट्रंप के सीजफायर के दावे पर कहा कि दुनिया के किसी भी नेता भारत से ऑपरेशन रोकने के लिए नहीं कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा, 'उसी दौरान 9 तारीख को रात को, अमेरिका के उप राष्ट्रपति ने मुझसे बात करने का प्रयास किया। वो घंटे भर से बात करने का प्रयास कर रहे थे। मैं सेना से बात करने में व्यस्त था। उसके बाद मैंने उन्हें फोन किया कि आपका फोन आ रहा था। उन्होंने मुझे फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। इस पर मेरा जो जवाब था जिन्हें समझ नहीं आता उन्हें नहीं आएगा। मेरा जवाब था, पाकिस्तान का अगर ये इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। पाकिस्तान हमला करेगा तो हम बड़ा हमला करके जवाब देंगे। हम गोली का जवाब गोले से देंगे। ये नौ तारीख रात की बात है।'

## 'हर हर महादेव' था शिवाजी की सेना का युद्धघोष, चव्हाण के बयान पर अमित शाह का पलटवार



नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। चव्हाण ने मंगलवार को सैन्य अभियानों के नामों को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह उन्हें हिंदू नाम देकर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर काम में हिंदुत्व का घालमेल करना चाहती है। चव्हाण ने कहा कि वे अपने बयान पर सही समय पर बोलेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने चव्हाण के बयान का उल्लेख करते हुए पलटवार किया कि कांग्रेस को यह नहीं मालूम कि शिवाजी महाराज ने मुगलों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी थी, उनकी सेना का युद्धघोष ''हर हर महादेव'' ही था। शाह ने कहा कि हमारी सेनाओं की विभिन्न डिवीजनों के युद्ध घोष देवी-देवताओं के नाम पर हैं, जिसे भाजपा ने नहीं रखा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पूछते हैं आतंकवादी आज ही क्यों मारे गये? तो क्या आप आतंकवादियों को कितना जिंदा रखना चाहते हैं? पृथ्वीराज चव्हाण का यह बयान 'ऑपरेशन महादेव' को लेकर आया है, जो अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तीन आतंकियों को मार गिराने के लिए सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई का कोडनेम था। चव्हाण ने भाजपा पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें धार्मिक प्रतीकों के नाम पर अभियानों के नामकरण के अलावा कुछ नहीं आता। चव्हाण ने कहा कि उन्होंने विभिन्न देशों के युद्धों के बारे में पढ़ा है, और भले ही वे इतिहासकार नहीं हैं, लेकिन विश्व युद्ध या किसी और युद्ध में ईसाई नामों का उपयोग कहीं नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन का नाम मायने नहीं रखता। उन्होंने उदाहरण दिया कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक हिंदू अवधारणा है, कोई वैश्विक अवधारणा नहीं है।

## नेहरू को क्यों घसीटा? संसद में मोदी के बयान पर कमलनाथ का सवाल



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में हुई बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 बार नेहरू का नाम लिए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब बात सीमा सुरक्षा की हो रही थी, तब नेहरू को खींचना अजीब है। संसद में तीन दिन से चल रही बहस में विपक्ष की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे और सुप्रिया सुले ने सवाल उठाए। सरकार की ओर से नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने जवाब दिया। मोदी ने सिंधु जल संधि को नेहरू की भूल बताते हुए कहा कि उन्होंने 80% पानी पाकिस्तान को दिया और नहर निर्माण के लिए पैसे भी दिए। मोदी ने कहा, "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।" इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने भी मोदी को इस फैसले के लिए धन्यवाद दिया था। मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस ऐतिहासिक भूल को ठीक करने की कोशिश नहीं की। उन्होंने संसद में विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि उनकी आलोचना से देश की सेना का मनोबल नहीं गिरना चाहिए। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को वीरता का प्रतीक बताया और सेना की कार्रवाई को पूरी तरह सही ठहराया।

## राहुल ने ट्रंप को बताया सही, लेकिन थरूर-शुक्ला-तिवारी-कार्ति, सरकार के साथ



नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के मसले पर देश में हलचल है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए ट्रंप के एक बयान को सही ठहराया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत एक डेड इकोनामी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सही कह रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ट्रंप की शर्तों पर होगा और मोदी वही करेंगे जो ट्रंप कहेंगे। हालांकि कांग्रेस के अन्य बड़े नेता इस मुद्दे पर अलग राय रखते हैं। शशि थरूर ने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण बातचीत है और अमेरिका के अलावा यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे देशों से भी बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका की शर्तें अनुचित हैं तो भारत को विकल्प तलाशने होंगे और एक मजबूत घरेलू बाजार इसकी ताकत है। राजीव शुक्ला ने कहा कि ट्रंप का यह कहना कि भारत की अर्थव्यवस्था खत्म हो गई है, गलत है। उन्होंने पीवी नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर नहीं है। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि ट्रंप पारंपरिक राजनेता नहीं हैं और उनकी शैली अलग है, इसलिए सरकार को धैर्य रखना चाहिए और बातचीत जारी रखनी चाहिए। मनीष तिवारी ने कहा कि ट्रंप ने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को चुनौती दी है लेकिन यह नीति नेहरू से लेकर आज तक बनी रही है और टैरिफ की धमकी से इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इन बयानों से साफ है कि राहुल गांधी के विपरीत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता इस मुद्दे पर मोदी सरकार के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।

## सम्पादकीय

# ट्रंप साहब, भारत अब उभरती नहीं – नेतृत्व करती अर्थव्यवस्था है

डोनाल्ड ट्रंप का यह कहना कि भारत और रूस अपनी 'कमजोर अर्थव्यवस्थाओं' को साथ लेकर डुबो सकते हैं, न केवल अतार्किक है बल्कि वैश्विक राजनीति में भारत की सशक्त भूमिका को नजरअंदाज़ करने वाला भी है। यह बयान उस पूर्वाग्रही मानसिकता का परिणाम है, जो अब भी भारत को तीसरी दुनिया का एक परंपरागत, पिछड़ा देश मानती है। ट्रंप यह भूल रहे हैं कि भारत अब न सिर्फ वैश्विक मंच पर अपनी बात मजबूती से रखता है, बल्कि आर्थिक और सामरिक मोर्चों पर भी निर्णायक बन चुका है।भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक संस्थानों के अनुमानों में शीर्ष पर है। IMF ने 2025 और 2026 के लिए भारत की विकास दर 6.4% और विश्व बैंक ने 6.3% आंकी है। यही नहीं, एशियाई विकास बैंक और OECD जैसी संस्थाएं भी भारत को एशिया की विकास गाथा का नेतृत्वकर्ता मानती हैं। क्या इन सभी संस्थानों की बातों को ट्रंप नकार देंगे? आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ भारत ने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, बुनियादी ढांचा, हेल्थकेयर और शिक्षा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है, जो किसी भी "कमजोर" अर्थव्यवस्था की पहचान नहीं होती।भारत की ताकत सिर्फ आंकड़ों में नहीं, उसकी नीतिगत स्पष्टता और राजनीतिक स्थिरता में भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने वाले कई सुधार लागू किए हैं - जैसे कि जीएसटी, डिजिटलीकरण, लेबर रिफॉर्म्स, और विनिर्माण के लिए 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियान। परिणामस्वरूप, भारत आज निवेशकों के लिए एक सुरक्षित, स्थिर और लाभकारी ठिकाना बन गया है। भारत की सबसे बड़ी संपदा उसकी युवा जनसंख्या है। जब विकसित देश जनसांख्यिकीय संकट से जूझ रहे हैं, भारत के पास कार्यशील और नवाचारक्षम युवाओं की भरमार है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत को आने वाले दशकों में वैश्विक आर्थिक इंजन बना सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत की औसत आयु 28.8 साल है - यह बाजार के साथ-साथ उत्पादन और नवाचार का भी ईंधन है। अमेरिका की बड़ी कंपनियां - चाहे एप्पल हो, गूगल, अमेजन या माइक्रोसॉफ्ट - भारत को अपने सबसे अहम बाज़ार और ऑपरेशन सेंटर के रूप में देखती हैं। जहां तक भारत-रूस रिश्तों की बात है, तो वह संप्रभुता और रणनीतिक विवेक का हिस्सा हैं। भारत किसी गुट का हिस्सा नहीं बनता - वह संतुलन की नीति पर चलता है। भारत ने अमेरिका, यूरोप, रूस और एशियाई देशों के साथ अलग-अलग रणनीतिक साझेदारियां बनाकर एक बहुध्रुवीय विश्व की नींव रखी है। ऐसे में, ट्रंप का यह कहना कि भारत किसी के साथ मिलकर खुद को डुबा लेगा, उनकी सीमित समझ और सनसनी फैलाने की आदत को दर्शाता है। भारत और अमेरिका के रिश्ते आज सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं हैं। ये रक्षा, ऊर्जा, तकनीक, जलवायु परिवर्तन और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिरता से भी जुड़े हुए हैं। ट्रंप जैसे नेता अगर इन संबंधों को अपनी निजी राजनीतिक बयानबाजी के ज़रिए नुकसान पहुंचाएंगे, तो इससे दोनों देशों का नुकसान होगा। यह ज़रूरी है कि भारत को उसके सामर्थ्य और बराबरी के रिश्तेदार के रूप में देखा जाए, न कि आदेश मानने वाले सहयोगी के रूप में। भारत अब उस दौर से निकल चुका है जब उसे किसी वैश्विक शक्ति की मान्यता की जरूरत थी। अब भारत अपनी ताकत से पहचाना जाता है - उसके आर्थिक सुधारों, तकनीकी नेतृत्व, युवा शक्ति, और रणनीतिक चातुर्य के कारण।

# भक्ति, संकल्प और सेवा से सराबोर रहा मसाणिया भैरव धाम का रविवारीय मेला






अजमेर। राजगढ़ स्थित मसाणिया भैरव धाम पर आयोजित रविवारीय मेले में देशभर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धाम पर वर्षों से जारी नशामुक्ति महाअभियान के तहत इस बार भी श्रद्धालुओं ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया। प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने लगभग दो हजार श्रद्धालुओं को जीवन में दोबारा नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।मेले में प्रसिद्ध भजन गायक और गोभक्त ओम मुंडेल ने अपनी मधुर आवाज में भैरूजी के भजनों की प्रस्तुति दी। ओम मुंडेल ने धाम पहुंचकर बाबा भैरव और मां कालिका के दर्शन किए और चम्पालाल महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान पांचु माली, भागचन्द माली, हरीमाली, रामदेव माली आदि ने ओम मुंडेल और सत्यनारायण माली का स्वागत किया।इसके बाद सभी ने सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा कर खुशहाली की कामना की और श्रद्धालुओं को गोसेवा का महत्व बताया। अखिल भारतीय माली समाज, पुष्कर मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण माली और राजकुमार गहलोत ने भी धाम पहुंचकर बाबा भैरव और मां कालिका के दर्शन किए और चम्पालाल महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवारीय मेले में हर वर्ष की तरह इस बार भी शिवभक्त कावड़ियों ने कल्पवृक्ष और मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा की और शिव परिवार को जल अर्पित किया। चक्की वाले बाबा मंदिर परिसर में ओम मुंडेल और सत्यनारायण माली ने चम्पालाल महाराज के सान्निध्य में पौधारोपण किया। महाराज ने सभी श्रद्धालुओं से कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी सेवा करने की प्रेरणा दी।मंदिर कमेटी की ओर से ओम मुंडेल और सत्यनारायण माली का स्वागत किया गया। आयोजन में व्यवस्थापक ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, अविनाश सेन, राहुल सेन, कैलाशचन्द सेन, दिलीप राठी, नीरज, राजू चावड़ा, विजय सिंह, राजू दीपक बसीटा, कश्यप बंधु आदि ने व्यवस्थाओं को संभालने में योगदान दिया।

# गुरु-पूर्णिमा पर संस्कार भारती का 'रंगधनुष' चित्रकला शिविर संपन्न







किशनगढ़। संस्कार भारती किशनगढ़ इकाई के द्वारा एकदिवसीय चित्रकला शिविर 'रंगधनुष' का आयोजन संस्कार भारती के चित्तौड़ प्रांत के मंत्री बिरदीचंद मालाकार के सानिध्य में रविवार को संपन्न हुआ। इकाई के अध्यक्ष मुकेश कुमावत ने बताया कि गुरु-पूर्णिमा महोत्सव के तहत कला गुरु सम्मान व एकदिवसीय चित्रकला शिविर 'रंगधनुष' का आयोजन सिटी रोड स्थित श्री विवेकानंद आश्रम में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के किशनगढ़ नगर संघचालक रामावतार अग्रवाल व पूर्व संघचालक प्रोफेसर रामप्रसाद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में संस्कार भारती चित्तौड़ प्रांत के उपाध्यक्ष पवन कुमावत, क्रीड़ा भारती किशनगढ़ खंड के संयोजक प्रहलाद शर्मा, विवेकानंद आश्रम के संचालक दयाराम सेकसरिया व गोपी मालाकार अतिथि के रूप में मौजूद थे।इस एकदिवसीय चित्रकला शिविर 'रंगधनुष' में किशनगढ़ व अजमेर सहित अनेक स्थानों के तरुण, बाल, युवा व वरिष्ठ कलाकारों ने कला का सृजन किया। साथ ही कला गुरु व वरिष्ठ चित्रकार विजय सिंह परिहार एवं वरिष्ठ संगीत कलाकार जयशंकर हाडा को कला गुरु के सम्मान से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इकाई की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संगीत के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए संगीत की शिक्षा प्रदान कर अनगिनत विद्यार्थियों को सफलता दिलाने में योगदान के लिए जयशंकर हाडा तथा किशनगढ़ शैली सहित पारंपरिक राजस्थानी चित्र शैली के कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित व अनेक कला शिष्यों को तैयार करने वाले विजय सिंह परिहार को प्रशस्ति पत्र व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कला शिविर 'रंगधनुष' में 8 साल से लेकर 60 साल तक के तरुण, बाल, युवा व वरिष्ठ चित्रकारों ने अपने चित्रकला का प्रदर्शन किया। उन्होंने किशनगढ़ का किला, मोखम विलास, चौबुर्जा, विभिन्न गलियां, पशु-पक्षी, प्राकृतिक दृश्य, वीर शिवाजी, शिव तांडव सहित अन्य चित्र उकेरे। इस अवसर पर अजमेर के वरिष्ठ पत्रकार तीर्थ चंदानी, रमेश मालाकार, मनोज सैनी, निकिता, हेमंत धवल, गरिमा इंदौरा सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती चित्तौड़ प्रांत के मंत्री बिरदीचंद मालाकार ने किया तथा सचिव राकेश प्रजापत ने आभार ज्ञापित किया।

# अतिवृष्टि से फसलें बर्बाद, किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग

**विधायक विकास चौधरी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, तुरंत गिरदावरी की मांग की**



किशनगढ़। विधायक विकास चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर किशनगढ़ सहित पूरे अजमेर जिले में फसल खराबे की स्थिति से अवगत करवाया। विकास चौधरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष हुई अतिवृष्टि से किसानों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। साथ ही यह भी बताया कि क्षेत्र के अधिकांश किसानों को सरकार की उदासीनता और बीमा कंपनियों की मनमानी के चलते वर्ष 2023 का मुआवजा आज तक नहीं मिला है। विकास चौधरी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि किसानों को इस विकट समय में सरकार के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष राहत पैकेज जारी करने और तुरंत गिरदावरी करवाने की मांग की।

## प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार का बार एसोसिएशन किशनगढ़ ने किया स्वागत, एसीएम कोर्ट खोलने की मांग रखी



किशनगढ़। प्रमुख शासन सचिव, राजस्व एवं कालोनाइजेशन, राजस्थान सरकार दिनेश कुमार के किशनगढ़ उपखंड कार्यालय आगमन पर बार एसोसिएशन किशनगढ़ की ओर से अध्यक्ष रूपेश शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उनका माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान रूपेश शर्मा एडवोकेट ने किशनगढ़ कोर्ट परिसर में एसीएम कोर्ट खोले जाने की मांग रखी। उन्होंने अवगत करवाया कि अराई, रूपनगढ़ और किशनगढ़ उपखंड क्षेत्र किशनगढ़ कोर्ट में ही आते हैं, जहां पर केसों की संख्या अधिक है। अधिवक्ताओं को अराई और रूपनगढ़ से किशनगढ़ आने-जाने में कठिनाई होती है तथा लंबित प्रकरणों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने इस मांग पर सहमति जताते हुए किशनगढ़ कोर्ट परिसर में शीघ्र एसीएम कोर्ट खोलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी निशा सहारण सहित बार एसोसिएशन किशनगढ़ के प्रतिनिधिमंडल में रूपेश शर्मा एडवोकेट, अभिषेक राजपुरोहित, जितेंद्र शर्मा, भवानी सिंह, रामेश्वर चौधरी, शिवराज सिंह, सूंडा राम जाट, ब्रजेश जोशी और पवन कुमावत उपस्थित रहे।

# छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर NSUI किशनगढ़ ने सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी




किशनगढ़। एनएसयूआई किशनगढ़ द्वारा राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़ में छात्रनेता विशेष सैनी और कनिष्क साल्वी के नेतृत्व में छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर ९मौन टेप विरोध प्रदर्शन९ किया गया और प्राचार्य को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राज्यपाल महामहिम को खुला पत्र लिखकर छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ज्ञापन पर संज्ञान नहीं लिया गया तो कुछ दिनों बाद एनएसयूआई किशनगढ़ द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।इस अवसर पर आकाश मेघवंशी, हेमंतपाल राव, विकास बैरवा, शादाब खान, विशाल जाखड़, दाऊद इब्राहिम उटड़ा, सुनील, विजेश, जीतू, शिवा, मनीष खारोल, मितेश बागड़ी, दिग्विजय, भानु प्रताप, किशन प्रजापत, गणेश बैरवा, गोपाल गुगलिया, पीयूष, विकास शर्मा, राहुल, शिवप्रकाश, भगवंत, गणेश आकोदिया, सुजल, रेखा, गुंजन सिंह, आकृति सेन, तनिषा मालाकार, अनुराधा, सुनीता कुमावत, गौरीशंकर, दिनेश यादव, कृष्णा सोनी, कुशल कुमावत, दिनेश जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और मंत्री सुरेश सिंह रावत सख्त, जनहित सर्वोपरि, सभी विभागों को दिए स्पष्ट निर्देश



अजमेर/ब्यावर। राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर योजना का लाभ आमजन तक समयबद्ध और प्रभावी रूप से पहुँचे। इसी संकल्प के साथ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को अजमेर व ब्यावर जिले में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आपदा प्रबंधन, अतिवृष्टि, जल निकासी, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, जल संसाधनों और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की गई। दिया कुमारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी पंपिंग व्यवस्था, रेलवे अंडरब्रिज में जल निकासी, और संवेदनशील क्षेत्रों में पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। वहीं जल स्रोतों, बांधों और जलाशयों की नियमित मॉनिटरिंग को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। सुरेश सिंह रावत ने भी ज़ोर देकर कहा कि बांधों की सुरक्षा, जल परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने, और सड़क मरम्मत कार्यों में तेज़ी राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान को गति देने और अतिक्रमण हटाकर जल निकासी मार्गों को स्पष्ट करने पर भी ज़ोर दिया। दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पहले जलभराव की समस्या रही है, वहां स्थायी समाधान हेतु तकनीकी निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्य शीघ्र हों। सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन का आवागमन निर्बाध रहे। सभी विभागों को दिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों में चिकित्सा विभाग को संभावित बीमारियों से बचाव हेतु सर्वे, फॉगिंग व दवा छिड़काव सुनिश्चित करने, पशुपालन विभाग को पशु टीकाकरण में तेजी लाने, पीएचईडी को जल की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को फॉर्म पॉंड, ग्रीन हाउस, तारबंदी आदि योजनाओं की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण विकास विभाग को अटल ज्ञान केंद्र, स्वच्छता अभियान व स्वामित्व योजना को तेजी से लागू करने, शिक्षा विभाग को शिक्षित राजस्थान योजना में गुणवत्ता सुधार करने तथा स्वायत्त शासन विभाग को पीएम आवास, स्वनिधि व स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा कर गति लाने के निर्देश दिए गए। बजट घोषणाओं के संबंध में 2024-25 की घोषणाओं में जहां प्रगति नहीं हुई है वहां राज्य स्तर से समन्वय कर तत्काल गति लाई जाए। वहीं 2025-26 की घोषणाओ जैसे कि साइंस पार्क, कन्वेंशन सेंटर, चंद्रवरदाई खेल मैदान, कन्या महाविद्यालय भिनाय आदि को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। पुष्कर में ब्रह्मा कॉरिडोर का टेंडर जल्द जारी कर कार्य प्रारंभ करने तथा ब्यावर क्षेत्र में जलभराव की स्थायी योजना, स्टोन मंडी की स्थापना और स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन के निर्देश दिए गए।सुरेश सिंह रावत ने कहा कि बजट घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। भूमि आवंटन के लंबित कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं और सभी विभाग संगठित कार्ययोजना के साथ अपने कार्यों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में अलर्ट सिस्टम और जल परियोजनाओं की डीपीआर समय पर भेजने पर भी जोर दिया।इस समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर लोक बंधु, ब्यावर कलेक्टर कमलराम मीणा, नगर निगम आयुक्त देशलदान, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, एडीए आयुक्त नित्या के., जिला परिषद सीईओ रामप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलेक्टरगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिवृष्टि राहत कार्यों पर देवनानी ने दिए सख्त निर्देश बिजली बहाल करें, जल निकासी और खाद्य आपूर्ति में बरतें तत्परता



अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर में अतिवृष्टि के दूसरे दिन भी सभी प्रभावित क्षेत्रों से संपर्क साधे रखा। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि जल प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी, खाद्य व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिन इलाकों से पानी उतर गया एवं कोई खतरा नहीं है, वहां विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर शहर में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जानकारी ली। देवनानी ने जिला प्रशासन, नगर निगम, टाटा पावर तथा चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए फील्ड में रहकर प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जल भराव वाले इलाकों में एंटी लार्वा टेस्टिंग और नियमित फोगिंग करने के भी निर्देश दिए, जिससे वर्षा जनित बीमारियों से बचाया जा सके। देवनानी ने कहा कि पिछले 36 घंटे से अधिक समय से निगम क्षेत्रों में बारिश नहीं होने से वरुण सागर में भी पानी की आवक धीमी हुई है। इससे वरुण सागर झील की चादर भी अब धीमी हो गई है। ऐसे में जल्द आनासागर के जलस्तर को भी नियंत्रित कर एस्केप चैनल से निकासी की मात्रा को कम करके राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में दवा, खाद्य एवं जलापूर्ति के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मड पंप से पानी निकालना जारी रखा जाए।

## भाजपा कार्यकारिणी के सम्मान में गरिमामय समारोह, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण

### सुंदर नगर बालाजी मंदिर में हुआ आयोजन, संगठन और समाजसेवा का दिया संदेश



किशनगढ़। नगर की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का केंद्र रहे सुंदर नगर स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में रविवार को एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। गौ रक्षा दल के सुनील बंजारा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी, शहर जिला अजमेर की नवीन कार्यकारिणी के सम्मान में आयोजित हुआ।समारोह में भाजपा जिला महामंत्री किशन बंग, उपाध्यक्ष समरथ सिंह राठौड़, जिला मंत्री पंकज पहाड़िया, जिला सोशल मीडिया सह-संयोजक बंसीलाल कंवरिया, मीडिया सह-संयोजक सत्विभा पाराशर, पार्षद जगदीश सिंह शेखावत और मानाराम जाट सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं समर्पित कार्यसमूहों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े हर मुद्दे पर जनजागरण का कार्य करेगी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान "एक पेड़ मां के नाम" को आत्मसात करते हुए जिला महामंत्री किशन बंग के नेतृत्व में मंदिर परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।यह आयोजन न केवल संगठनात्मक एकता और कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि वृक्षारोपण ने इस भाव को और अधिक गहरा किया कि राजनीति केवल पद और प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि प्रकृति और समाज सेवा की जिम्मेदारी भी है।

# महिला किसानों के सशक्तिकरण पर हुआ संवाद, सुरेश सिंह रावत रहे मुख्य अतिथि





जयपुर। मेरिएट होटल में कोर्टेव एग्रीसाइन्स के तत्वावधान में "विकसित भारत के लिए जमीनी स्तर पर परिवर्तनकारी प्रभाव डालते हुए महिला किसानों का सशक्तिकरण" विषय पर एक उच्चस्तरीय विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान सुरेश सिंह रावत ने महिला किसानों की भूमिका को राष्ट्र की कृषि समृद्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि- "जब तक गांवों की महिलाएं आत्मनिर्भर नहीं बनेंगी, तब तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वास्तविक उन्नति संभव नहीं है। सरकार महिला किसानों को सशक्त बनाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास कर रही है।" इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं की भूमि पर अधिकार, जल प्रबंधन में उनकी भागीदारी, और प्रशिक्षण व तकनीकी सहयोग जैसे विषयों को भी रेखांकित किया, जो महिला किसानों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक हो रहे हैं। सुरेश सिंह रावत ने इस सार्थक और उपयोगी चर्चा सत्र के सफल आयोजन हेतु कोर्टेव एग्रीसाइन्स और आयोजन से जुड़े सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ऐसे संवाद भविष्य की नीति-निर्माण प्रक्रिया को जमीनी अनुभवों से जोड़ने में प्रभावी सिद्ध होंगे।कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कृषि विशेषज्ञों, महिला उद्यमियों, नीति-निर्माताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर विचार साझा किए।

## किशनगढ़ में चिकित्सक-मरीज संवाद कार्यक्रम आयोजित, इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पर हुई विस्तार से चर्चा





किशनगढ़। इलेक्ट्रोपैथिक चिकित्सा परिषद जयपुर शाखा द्वारा चिकित्सक-मरीज संवाद कार्यक्रम का आयोजन किशनगढ़ के पुरोहित क्लिनिक राजा रेड्डी पर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सकों और इलेक्ट्रोपैथी विशेषज्ञों ने बीमारियों के समाधान एवं इलाज पर चर्चा की। इस अवसर पर इलेक्ट्रोपैथी के प्रचार-प्रसार, अनुसंधान एवं नवीन जानकारियां साझा की गई। संवाद में इलेक्ट्रोपैथी पर चर्चा हेतु इ. डॉ देवराज पुरोहित, डॉ विनय सिंह चौहान, आयुर्वेदिक वैद्य बाबूलाल दाधीच, डॉ मंजू राठी, डॉ अशोक जैन, डॉ प्रवीण गुप्ता ने भाग लिया और अपनी चिकित्सा पद्धतियों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। संवाद में अजमेर व किशनगढ़ के अनेक चिकित्सकों ने भाग लिया। साथ ही उपस्थित रोगियों ने अपने स्वास्थ्य लाभ और समस्याओं के समाधान साझा किए। परिषद की जिला सचिव डॉ प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस संवाद से आमजन में इलेक्ट्रोपैथी के प्रति विश्वास बढ़ा और उन्हें नई चिकित्सा पद्धति से परिचय मिला।वैद्य बाबूलाल दाधीच ने कहा कि आयुर्वेद विश्व की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धति है, अन्य सभी पद्धतियां इससे ही निकली हैं। उन्होंने सभी चिकित्सा पद्धतियों के सम्मान की आवश्यकता बताई। वैद्य बाबूलाल शर्मा ने आयुर्वेद को देव चिकित्सा पद्धति बताते हुए कहा कि यह जटिल रोगों के इलाज में वर्षों से कारगर है। आईएमए अध्यक्ष डॉ अशोक जैन ने कहा कि एलोपैथी अचानक होने वाले रोगों में प्रभावशाली है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोपैथी में शल्य चिकित्सा के कई आयाम मौजूद हैं, हालांकि एलोपैथी की कुछ दवाएं दुष्प्रभाव भी छोड़ती हैं। डॉ मंजू राठी ने शरीर में 'इलेक्ट्रिक' तत्व के संतुलन की जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार पॉजिटिव-नेगेटिव बैलेंस के आधार पर इलाज होना चाहिए। डॉ देवराज पुरोहित ने इलेक्ट्रोपैथी की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए काउंट सीजर मैटी की जीवनी तथा इलेक्ट्रोपैथी का इटली से राजस्थान तक का सफर बताया।संभागीय सचिव डॉ विनय सिंह चौहान ने बताया कि परिषद ने राजस्थान के 20 जिलों में 91 निशुल्क इलेक्ट्रोपैथिक चिकित्सा शिविरों में लगभग 17,000 रोगियों का उपचार किया। इन शिविरों में 179 इलेक्ट्रोपैथिक चिकित्सकों, 74 से अधिक स्वयंसेवी संस्थाओं और 4000 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इलेक्ट्रोपैथी से लाभान्वित रोगियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में जिला सचिव डॉ प्रवीण गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर डॉ विजय सिंह कुशवाहा, डॉ शेषनारायण तिवारी, डॉ प्रभाकर शर्मा, डॉ निर्मल मकवाना, डॉ राम प्रसाद जोशी, डॉ संदीप टाक, डॉ रवि प्रजापत, डॉ मोहित पारीक, डॉ इस्लामुद्दीन, डॉ मुकेश शर्मा, डॉ पुखराज तिवारी, डॉ अशोक जोशी, डॉ कृष्ण मुरारी पारीक, महेंद्र सिंह, रामलाल, सुरेश कुमार, लैब टेक्नीशियन हनीफ मोहम्मद, सत्य प्रकाश अग्रवाल, संतरा देवी, सुरेश सेन, सरस्वती चौधरी, देवी सिंह, मोर सिंह, नंदा कंवर उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई: दिगंबर जैन महिला महासमिति ने लगाए 200 पौधे

**जहां हर डाली पर पत्ता मुस्काए,
वहीं प्रकृति जीवन गीत गाए।
महासमिति ने किया हरियाली का प्रण,
पर्यावरण रक्षा में बढ़ाया एक कदम।**



किशनगढ़। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति किशनगढ़ द्वारा शुक्रवार को हरियालो राजस्थान व पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत लव कुश वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महासमिति की पर्यावरण मंत्री ममता बोहरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष मोना झांझरी, महामंत्री ऊषा गौधा, कोषाध्यक्ष अन्तिमा झांझरी व युवा प्रकोष्ठ रीटा गंगवाल द्वारा मंगलाचरण के साथ की गई। इस अवसर पर हारसिंगार, अशोका, नीम, गुलमोहर, शीशम, कचनार, कोना कार्पस, बड़, गुड़हल, मोगनी, बादाम व केसरिया श्याम सहित विभिन्न प्रजातियों के 200 वृक्ष रोपे गए। कार्यक्रम में आरके मार्बल से सुशीला पाटनी ने शिरकत की और महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, क्योंकि "वृक्ष है तो जीवन है"। महामंत्री ऊषा गौधा ने बताया कि 24 जुलाई को लव कुश वाटिका में वृक्षारोपण की पूर्व तैयारी के तहत गड्ढे खोदे गए तथा 25 जुलाई को पौधे रोपने के साथ उन्हें पानी भी दिया गया। अध्यक्ष मोना झांझरी ने वृक्षों के संरक्षण व रखरखाव की जानकारी दी और महासमिति द्वारा पूर्ण जिम्मेदारी से इसका निर्वहन करने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में जूली चौधरी, ऊषा बाकलीवाल, प्रीति छावड़ा, संगीता गंगवाल, सिम्पल बाकलीवाल, पल्लवी गंगवाल, सुमनलता जैन, भावना पहाड़िया, सुषमा दोसी, सुनीता सोगानी, सुनीता काला, मुन्नी दगड़ा, सरिता पहाड़िया, अनुराधा जैन, सरोज गौधा, संध्या दगड़ा, मंजू गंगवाल, वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र झांझरी, पार्षद सुशील अजमेरा व हनुमान कुमावत सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अजमेर संसदीय क्षेत्र को बड़ी सौगात: लगेंगी 1000 सोलर स्ट्रीट लाइट्स और 127 वाटर कूलर



अजमेर / किशनगढ़। स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने अपने अजमेर संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए 1000 नई सोलर स्ट्रीट लाइट्स और 127 वाटर कूलर लगाने की घोषणा की है। इस संबंध में उन्होंने आमजन, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं नगर निकायों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं, ताकि प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक स्थानों का चयन कर कार्यवाही की जा सके। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में रात के समय अंधेरा होने से आवागमन में कठिनाई या सुरक्षा की दृष्टि से समस्या है, वहां सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की जाएंगी। यह लाइट्स न केवल पर्यावरण अनुकूल होंगी, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी प्रदान करेंगी। गाँवों की गलियाँ एवं मुख्य मार्ग, मंदिर, स्कूल व पंचायत भवन के आसपास, सार्वजनिक स्थल एवं सामुदायिक केंद्र तथा हाईवे अथवा अंधेरे वाले क्षेत्र जहाँ दुर्घटना की संभावना रहती है, वहां प्राथमिकता दी जाएगी। भीषण गर्मी और जल संकट को ध्यान में रखते हुए भागीरथ चौधरी ने अपने क्षेत्र में 127 सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर लगाने की योजना को भी मंजूरी दी है। यह कूलर खासतौर से स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड एवं बाजार क्षेत्रों तथा पंचायत भवन या सामुदायिक केंद्रों में लगाए जाएंगे। सांसद कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि इच्छुक ग्राम पंचायतें, जनप्रतिनिधि अथवा सामाजिक संगठन सड़क रोशनी या शीतल जल की आवश्यकता वाले क्षेत्रों का विवरण सहित प्रस्ताव सांसद कार्यालय को प्रेषित करें। प्रस्ताव ईमेल bhagirathchoudhary.25@gmail.com, व्हाट्सएप/मोबाइल नंबर 9414011698 अथवा किशनगढ़ / अजमेर स्थित सांसद कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से जमा कराए जा सकते हैं। भागीरथ चौधरी ने कहा, "हमारा प्रयास है कि संसदीय क्षेत्र का हर नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। क्षेत्र की आवश्यकताओं को जनता के सुझावों के माध्यम से पहचान कर, त्वरित व प्रभावी समाधान देना ही हमारा उद्देश्य है।"

## नगर परिषद किशनगढ़ का पर्यावरणीय अभियान, वन विभाग के पीछे खिली हरियाली, लगाये 5100 पौधे



किशनगढ़। राज्य सरकार की हरियालो राजस्थान योजना के अंतर्गत नगर परिषद किशनगढ़ द्वारा मंगलवार को जयपुर रोड स्थित वन विभाग के पीछे खाली भूमि पर वृक्षारोपण किया गया। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ एवं आयुक्त सीता वर्मा की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में एक ही स्थान पर 5100 पौधे रोपे गए। इनमें नीम, शीशम, गुलमोहर, जामुन, आम व पीपल जैसे पर्यावरण हितैषी पौधों को शामिल किया गया। वृक्षारोपण के इस आयोजन में नरेगा योजना के तहत लगभग 200 श्रमिकों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान परिषद के अधिशाषी अभियंता संदीप कुमार, सहायक अभियंता त्रिलोचन कुमावत, विष्णु अड़ानिया, समस्त कनिष्ठ अभियंता, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, पार्षद हिम्मत सिंह एवं परिषद के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस मनाया हर्षोल्लास से



किशनगढ़। भारतीय मजदूर संघ किशनगढ़ द्वारा 70वां स्थापना दिवस पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास से मनाया गया। मझेला रोड स्थित भारतीय बिल्डिंग मजदूर संघ कार्यालय किशनगढ़ में भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष विश्राम मालाकार के नेतृत्व में संगठन का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर 200 कार्यकर्ताओं के घरों पर भारतीय मजदूर संघ का ध्वज लगाया गया। तत्पश्चात दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में परम पूज्य मोहन भागवत, सरसंघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए अखिल भारतीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखा गया। कार्यक्रम में 50 महिलाओं और 60 पुरुषों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापति, इकाई अध्यक्ष हनुमान गुर्जर, महामंत्री आचार्य आराम शर्मा, उपाध्यक्ष प्रभु लाल माली, उषा कुमावत, पूजा कुमावत, रुपाली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में गुरुओं का सम्मान और विद्यार्थियों का उत्साह




किशनगढ़। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा किशनगढ़ द्वारा 23 जुलाई 2025, बुधवार को संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम के दूसरे सोपान का आयोजन महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल राजा रेडी पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं माँ भारती के चित्रपट पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर परिषद सदस्यों एवं शाला प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत वन्देमातरम समवेत स्वर में परिषद सदस्यों, गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गाया गया। शाखा परिषद सदस्यों का परिचय एवं मंच संचालन गिरधारी अमरवानी ने किया। भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय भगवान बाहेती ने प्रस्तुत किया। गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन विषय पर अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने सर्वाइकल टिका (गर्भाशय कैंसर) के बचाव हेतु 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को आरके मार्बल के सहयोग से मार्बल सिटी हॉस्पिटल में शनिवार व रविवार को निशुल्क टीकाकरण की जानकारी प्रदान की। शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सम्मान परिषद परिवार द्वारा उनके सर्वश्रेष्ठ परिणाम के आधार पर किया गया, जिसमें चेतन प्रकाश जिन्दागल एवं योगेश शर्मा का तिलक लगाकर, अपर्णा पहनाकर एवं ज्ञानवर्धक साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं में शिफा नूर, महेन्द्र चौधरी, निकिता दाहिमा, प्राची तिवारी, कुमकुम प्रजापत, अक्षिता वर्मा एवं अमित जांगिड़ का सम्मान उनकी-अपनी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं शिक्षाप्रद साहित्य भेंट कर किया गया। संस्था प्रधान महोम्मद हाफिज ने परिषद का आभार व्यक्त किया। सचिव भगवान बाहेती ने स्कूल प्रधानाचार्य एवं सभी को सुंदर व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मौजूद 250 छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पुरस्कृत बालक-बालिकाओं के अभिभावकों को सह प्रभारी पदम जैन ने शपथ दिलवाई। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं मनीष शर्मा द्वारा संभाली गई। समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ किया गया। सत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

# माँ भारती रक्षा मंच कार्यालय का शुभारंभ, तिरंगा रैली व वन भ्रमण कार्यक्रम की घोषणा



किशनगढ़। माँ भारती रक्षा मंच के कार्यालय का शुभारंभ सर्वोदय बाल निकेतन विद्यालय सांवत्सर में किया गया। पंडित राजेंद्र आचार्य एवं पंडित पवन जोशी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश-लक्ष्मी पूजन व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा, अध्यक्ष विनय सिंह चौहान, सचिव पवन जोशी, राजेंद्र आचार्य, सुनील दाधीच, घनश्याम शर्मा, विनोद झंवर, महेंद्र सिंह, दीपक गोयल, धीरज सैनी, जसराज सैनी, श्याम मनोहर पाठक, महेश दायमा, संजय कोहली, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सेन, प्रवीण गुप्ता, गोपाल लड्ढा, योगेंद्र चतुर्वेदी, गोवर्धन विजयवर्गीय, महिला अध्यक्ष सरोज शर्मा, संरक्षक नीतू बल्दवा, शिमला कुमावत, चंदा साहू आदि मौजूद थे। इस दौरान माँ भारती रक्षा मंच की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें 13 अगस्त 2025 को प्रातः तिरंगा रैली निकालने का निर्णय लिया गया। यह रैली माँ भारती रक्षा मंच एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जाएगी। चंद्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती भी मंच द्वारा मनाई गई, जिसमें देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही मंच द्वारा एक दिवसीय वन भ्रमण कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन जोशी ने किया।

# हरित दिवस पर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



किशनगढ़। माहेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल किशनगढ़ में हरियाली अमावस्या के अवसर पर हरित दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई.एम.सी.टी.एफ. इकाई किशनगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कुमार पारीक एवं विशिष्ट अतिथि योगगुरु सरदार विश्वामित्र थे। साथ ही स्काउट गाइड के प्रशिक्षक वीरेंद्र, राधेश्याम, रामावतार, आई.एम.सी.टी.एफ. किशनगढ़ इकाई के सचिव मुकेश काकड़ा एवं सदस्य नीरज पारीक उपस्थित थे। हरित दिवस के अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा पर्यावरण पर एक नृत्य-नाटिका "गीत ना काटो मुझे बड़ा दुःखता है" के माध्यम से पेड़ों को बचाने का संदेश दिया गया। नाटिका के जरिए पेड़ों की व्यथा को दर्शाया गया। विद्यालय की छात्रा वामिका व युविका ने कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण का संदेश दिया, वहीं हर्ष सेजवानी ने ओजपूर्ण कविता के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों प्रज्ञा, मानसी, माधवी, जाह्नवी, आरोही, शार्वी, लक्षिता, काशिफ, भुविन, कन्नू, शिवांश, कश्यप, पार्थवी, मौलिक, रौनक, पर्निका ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर तथा पर्यावरण संदेश लिखी कैप एवं बैज द्वारा विद्यालय की अध्यापिकाओं संगीता विलियम्सन, मोना माथुर, सारिका लखोटिया, स्मिता लोयल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार पारीक ने बच्चों को पर्यावरण की रक्षा करने एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि योगगुरु सरदार विश्वामित्र ने कहा कि प्रारंभिक काल में इस प्रकार के पर्यावरण कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता लाने में सहायक सिद्ध होते हैं, इसके लिए विद्यालय के गुरुजनों को साधुवाद दिया। विद्यालय चेयरमैन ताराचंद माहेश्वरी ने बढ़ते पर्यावरण संकट से उबरने के लिए वृक्षारोपण को एकमात्र उपाय बताया। कार्यक्रम के अंत में पधारे अतिथियों संग विद्यालय परिवार ने 21 पौधों का रोपण किया। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिकाएं शालू सुराणा, दिव्या जयसवाल द्वारा पौधरोपण किया गया। अंत में विद्यालय प्राचार्य रामेश्वर लाल चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन तनु श्री चंपावत एवं रीना कुमावत ने किया।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक)
कार्यालय: 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया।
- सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी